कोटा, सोमवार
16 दिसम्बर, 2024
पौष कृष्ण प्रतिपदा, संवत् 2081
पृष्ठः 8, मूल्य : 2 रुपए
नगर संस्करण
jannayakkota@gmail.com

जननायक

वर्षः 46, अंकः 258, रजिस्ट्रेशन : 30949/73 डाक पंजीयनः कोटा/310/2022-24 https://jannayaknews.in/ कोटा, जयपुर, चित्तौड़गढ़ से प्रकाशित

लापता व्यक्ति को परिवार वालों से मिलाया

नाहरगढ़। दो वर्ष से लापता एक व्यक्ति को राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड ऐंटी करप्शन मिशन और श्रद्धा फाउंडेशन मुंबई के प्रयास से ढूंढ कर रविवार को उसके परिवार वालों से मिलाया गया। द्वारिका लाल मीणा पुत्र कजोड़ लाल निवासी देवपुरिया मोठपुर भटकते-भटकते कोलकाता पहुंच गया था, वहां की संस्था ने रास्ते से उठाकर अपने संस्थान में भर्ती किया और फिर श्रद्धा फाउंडेशन मुंबई में ईलाज के लिए ट्रांसफर किया।

संस्था मैं इसका इलाज हुआ और फिर धीरे धीरे इसकी मानसिक स्थिति में सुधार आया और इसने अपना पता बताया तो संस्था के सोशल वर्कर राकेश कुमावत ने नाहरगढ़ निवासी राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड ऐंटी करप्शन मिशन के शमशाद खान रंगीला से संपर्क साधा और उन्होंने इनके गांव में संपर्क किया। शमशाद और श्रद्धा फाउंडेशन टीम की बदोलत रविवार को द्वारिका लाल सकुशल अपने घर पहुंच पाया। संस्था के सोशल वर्कर राकेश कुमावत, मनीषा, नीलेश और आबिद इसे एम्बुलेंस से लेकर आये और उसके गाँव मीणा का देवीपुरिया मोठपुर पहुंचे तो द्वारिका लाल के परिवार वालों और ग्रामवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने संस्था का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। इसके भाई ने बताया कि द्वारिका लाल 2 वर्षो से घर से लापता था।